Title: Need to construct underpasses and foot over-bridges on National Highway No. 8 passing through Valsad Parliamentary Constituency, Gujarat-laid.

श्री किसनभाई वी.पटेल (वलसाड़): अहमदाबाद-मुंबई एन.एच.8 के सूरत-दहीसर सैक्शन में मेरे संसदीय क्षेत्र का करीब 100 कि.मी. लम्बा रोड़ है। भारत सरकार ने मेरी मांग को पूरा करते हुए इस रोड़ को 6 लेन का बनाना शुरू किया है, जिसके लिए मैं आभारी हूं। लेकिन चार जगहों पर अति आवश्यक अंडर पास और फुट ओवर ब्रिज की बहुत ज्यादा आवश्यकता है, किंतु पूरी नहीं हो रही है। ये जगह हैं :-

(क) वलसाड़ तहसील के दमराची गांव का विभाजन हो रहा है उस जगह पर पीरू फरीया को जोड़ने का अंडर पास।

(ख) पाड़डी शहर में एन.एच.8 के एक ओर पूरा शहर और तहसीलदार की कचहरी है और दूसरी ओर सबसे बड़ा स्कूल है। इस जगह पर फुट ओवर ब्रिज की आवश्यकता है।

(ग) पाड़डी तहसील में सलवाव गांव के तीन रास्ते पर बहुत बड़े स्कूल और कॉलेज हैं। इस जगह पर अंडर पास की जरूरत है।

(घ) वापी शहर से छड़वाड़ा गांव जाने वाले रास्ते पर अंडरपास की जरूरत है क्योंकि कॉलेज, स्कूल और अस्पताल जैसी जन सुविधायें धड़वाड़ा रोड़ पर हैं।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय सड़क परिवहन मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं और आग्रह करता हूं कि इन जगहों पर अंडरपास और फुट ओवर ब्रिज के निर्माण करने की अनुमति प्रदान करें।